अनुमोदन हेतु प्रारूप

संоसं0–2/परी0–जे0पी0एस0सी0–10/2019 – 2352

झारखंड लोक सेवा आयोग,

सर्कुलर रोड, राँची।

प्रेषक,

सचिव,
झारखंड लोक सेवा आयोग, राँची।

सेवा में,

प्रधान सचिव,
गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

राँची, दिनांक– 14/10/19

विषय :– निदेशक अभियोजन के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसा भेजने के संबंध में।

प्रसंग:– विभागीय पत्रांक –985 दिनांक–22.02.2019 एवं 1337 दिनांक–14.03.2019

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषय के संबंध में निवेदित है कि निदेशक अभियोजन, अभियोजन निदेशालय, झारखण्ड राँची के एकल पद पर नियुक्ति हेतु अधियाचना नियुक्ति नियमावली के साथ आयोग को प्रेषित की गई थी। प्राप्त अधियाचना एवं संशोधित नियुक्ति नियमावली में निहित प्रावधान के आलोक में उक्त पद हेतु साक्षात्कार दिनांक–14.09.2019 को आयोजित किया गया। अभ्यर्थियों के शैक्षणिक अर्हत्ता एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार मेधासूची के अनुसार निम्नांकित तीन अभ्यर्थियों के पैनल की अनुशंसा की जाती है:–

क्रम सं0	नाम	अनुक्रमांक
1.	श्री राज कुमार सिंह	42019008
2.	श्री अनिल कुमार पाण्डे	42019004
3.	श्री आलोक कुमार हिमांशु	42019002

2. उपर्युक्त अनुशंसित अभ्यिर्थियों के मूल आवेदन पत्र एवं कागजात भी मूल रूप में संलग्न (फोल्डर) हैं।

3. अनुरोध है कि नियुक्ति प्राधिकार की हैसियत से उक्त अभ्यर्थियों के मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आयु संबंधी प्रमाण पत्र, अनुभव संबंधी प्रमाण, छायाचित्र एवं अन्य सभी आवश्यक तथा वांछित प्रमाणपत्रों के गहन एवं सम्यक जाँच तथा सत्यापन के पश्चात ही नियुक्ति संबंधी अग्रेतर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन

14.10.2019

सचिव

झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।

ज्ञापांक–2/परी0–जे0पी0एस0सी0–10/2019 2352 दिनांक– 14/10/19

प्रतिलिपि :– महानिबंधक, झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

14.10.2019

सचिव

झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।